—:::प्रेस विज्ञप्ति:::—

# पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

## बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम
## चतुर्थ तल, सोन भवन, वीरचंद पटेल मार्ग, पटना

## —:::निविदा आमंत्रण:::—

**हरिहर क्षेत्र, सोनपुर मेला में विभागीय योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु पंडाल निर्माण आदि से संबंधित निविदाः—**

हरिहर क्षेत्र, सोनपुर मेला, 2026 के अवसर पर पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु पंडाल निर्माण के लिए दिनांक–10.09.2026 से 30.09.2026 को 12:00 बजे मध्याह्न तक मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक–01.10.2026 को 03:00 बजे अप0 में प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता किसी भी कार्य दिवस में बिहार राज्य पिछड़ा वित्त एवं विकास निगम, चतुर्थ तल, सोन भवन, वीरचंद पटेल मार्ग, पटना कार्यालय से कार्य निविदा की शर्तों के साथ पूर्ण विवरण प्राप्त कर सकते हैं तथा प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना को मोहरबन्द निविदा निर्धारित तिथि एवं समय तक समर्पित कर सकते हैं।

08/09/2026

प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एव विकास निगम,
पटना।

# पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

## बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम
## चतुर्थ तल, सोन भवन, वीरचंद पटेल मार्ग, पटना।

**हरिहर क्षेत्र, सोनपुर मेला में विभागीय योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु पंडाल निर्माण आदि से संबंधित निविदाः–**

हरिहर क्षेत्र, सोनपुर मेला, 2026 के अवसर पर पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु पंडाल निर्माण के लिए दिनांक–10.09.2026 से 30.09.2026 को 12:00 बजे मध्याह्न तक मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक–01.10.2026 को 03:00 बजे अप0 में प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता किसी भी कार्य दिवस में बिहार राज्य पिछड़ा वित्त एवं विकास निगम, चतुर्थ तल, सोन भवन, वीरचंद पटेल मार्ग, पटना कार्यालय से कार्य निविदा की शर्तों के साथ पूर्ण विवरण प्राप्त कर सकते हैं तथा प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना को मोहरबन्द निविदा निर्धारित तिथि एवं समय तक समर्पित कर सकते हैं। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

1) 20 (फ्रंट) फीट x 50 फीट का पंडाल तैयार करना जिसकी ऊँचाई 10 फीट हो।
2) पंडाल वाटरप्रुफ स्ट्रक्चर।
3) पंडाल के फ्रंट फेशिया को प्लाईवुड से आकर्षक गेट का निर्माण।
4) नया ऊजला/रंगीन कपड़ा से सीलिंग।
5) पंडाल में प्लाईवुड का फर्श।
6) पूरे पंडाल में अच्छी तरह के कारपेट की व्यवस्था।
7) प्लास्टीक कुर्सी–25
8) सेंटर टेबल–01
9) सोफा सेट–01 (3+1+1)
10) स्टेज का निर्माण।
11) उद्घाटन कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था।
12) सुरक्षा गार्ड–06 (प्रत्येक आठ घंटे के लिए दो) एवं क्षति की स्थिति में सारी जवाबदेही।
13) पीने के लिए मिनीरल वाटर (20 लीटर जार) आवश्यकतानुसार।
14) गमला–10 पीस।
15) कार्यक्रम में फूल/बैलून की सजावट।
16) विद्युत आपूर्ति 24 घंटा, कनेक्शन सहित/05 के0वी0 जेनरेटर डीजल के साथ।
17) विद्युत उपस्कर (आवश्यकतानुसार)।
18) फ्लेक्स आपूर्ति (आवश्यकतानुसार)।
19) विभागीय योजनाओं के प्रदर्शनी हेतु मॉडल आदि का निर्माण।
20) तोरण द्वार–4 (2 फीट के चकोर आकार में प्लाईवुड पट्टी के साथ)।
21) 56 इंच का 02 (दो) एल.ई.डी. टी.वी.(पेन ड्राईव के साथ)।
22) साउण्ड सिस्टम वायरलेस माईक के साथ।
23) आवश्यकतानुसार अन्य सामग्री।

## निविदा की तकनीकी शर्तेः—

1. निविदादाता फर्म का पिछले पांच वर्ष (2021—22 से 2025—26) तक औसत टर्नओवर कम से कम 50 लाख रूपये होना चाहिए।
2. एजेंसी को बिहार वाणिज्य कर से जी0एस0टी0 निबंधन/पैन नं0/टैन नं0 का प्रमाण पत्र देना होगा।
3. निविदादाता को अपने निविदा मूल्य का 05 (पाँच) प्रतिशत सुरक्षा राशि के रूप में BIHAR STATE BACKWARD CLASSES FINANCE & DEVELOPMENT CORPORATION, PATNA के नाम से बैंक ड्राफ्ट Payable at Patna निगम कार्यालय में जमा करना होगा।
4. आवंटित जमीन के आधार पर पंडाल का साईज छोटा—बड़ा किया जा सकता है, तद्नुसार पंडाल निर्माण की दर निविदादाता द्वारा प्रति वर्गफुट अंकित की जाय।
5. चयनित एजेंसी को वास्तविक अभिश्रव के साथ सी0जी0एस0टी/एस0जी0एस0टी आदि भुगतान का साक्ष्य समर्पित करना होगा।
6. निविदादाता को कार्य समाप्ति पर वास्तविक कार्य के मुल्यांकन के आधार पर राशि का भुगतान किया जायेगा।
7. निविदादाता को अपने एजेंसी का बैंक खाता संख्या का साक्ष्य/स्टेटमेंट की अद्यतन विवरणी की छाया प्रति देना होगा।

## निविदा की सामान्य शर्तेः—

1. मेला अवधि दिनांक— 24.11.2026 से 23.12.2026 (संभावित) तक निर्धारित है।
2. सरकार के निदेशानुसार मेला अवधि घटाई—बढ़ाई जा सकती है।
3. कार्य विवरणी में अंकित सामग्री/कार्य की दर मदवार अंकित किया जाय।
4. निविदादाता निविदा देते समय तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग—अलग लिफाफा में देंगे।
5. निविदादाता को मॉडल मैप (अंदर/बाहर का) देना होगा एवं मॉडल पसंद आने पर ही निविदा खोली जायेगी।
6. निविदा में भाग लेने वाले सभी निविदादाता विषय से संबंधित अपना प्रस्तुतीकरण देंगे।
7. वैसे निविदादाता जिनके द्वारा किसी संस्थान में कार्य कराये जाने के विरूद्ध किसी न्यायालय/श्रम न्यायालय में सेवा के विरूद्ध मामला दर्ज होने का संज्ञान निगम के स्थानीय निविदा समिति को प्राप्त होने पर उनके निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
8. संवेदक को मेला उद्घाटन के दो दिन पूर्व अनिवार्य रूप से सभी कार्य पूर्ण कर लेना होगा। इसके लिए वैधानिक मानकों को पालन करना अनिवार्य होगा।
9. निविदा को बिना कारण बताए अस्वीकृत या रद्द करने एवं पुनः निविदा आमंत्रित करने का पूर्ण अधिकार बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना के पास सुरक्षित होगा।
10. चयनित एजेंसी को प्रदर्शनी स्थल पर सभी सामग्री को लाने एवं वापस ले जाने संबंधी लागत स्वयं वहन करना होगा।
11. आपूर्ति एवं अधिष्ठापन से संबंधित सभी सामग्री मानक एवं उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए।
12. निविदादाता को वित्तीय एवं तकनीकी निविदा अलग—अलग सीलबंद लिफाफे में देनी होगी तथा संबंधित लिफाफे पर तकनीकी निविदा/वित्तीय निविदा बड़ें—बडें अक्षरों में अंकित करना होगा। पुनः दोनों लिफाफों को एक बड़ें लिफाफे में डाल कर लिफाफे पर ''हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला, 2026 हेतु निविदा'' अंकित करना होगा।
13. तकनीकी निविदा में सफल होने के उपरांत ही निविदादाता का ही वित्तीय निविदा खोला जायेगा।

14. निविदादाता का नाम राज्य सरकार के किसी विभाग/प्रतिष्ठान की काली सूची में दर्ज नही होने संबंधी नोटरी पब्लिक के समक्ष दायर शपथ–पत्र की मूल प्रति (निविदा प्रकाशित होने की तिथि के बाद की तिथि का हो)।
15. निविदादाता को निविदा की तिथि से विगत 03 (तीन) वर्ष के भीतर केंन्द्र सरकार या राज्य सरकार या पी०एस०यू० अथवा इस प्रकार के कार्यक्रम कार्य किये जाने संबंधित अनुभव प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

## निविदा की वित्तीय शर्तेः–

1. Financial Bid में अंकित दर एवं उसके Grand Total के आधार पर न्यूनतम दर अंकित करने वाले निविदादाता (L1) को निविदा में सफल घोषित करते हुए निविदा समिति द्वारा निविदादाता को चयनित किया जायेगा।
2. आवश्कयतानुसार (L1) मूल्य पर वित्तीय निविदा में सफल L2–L3 आदि निविदादाता को कार्यादेश निगम द्वारा निर्गत किया जा सकता है।
3. निविदादाता को वर्णित सामग्री की संख्या के अनुरूप दर निर्धारण के कॉलम में सभी कर सहित दर अंकित करते हुए अन्त में एकमुश्त राशि अंकित करना होगा।
4. निविदा में अंकित सामग्रियों की संख्या घटने पर अनुपातिक रूप से विपत्र की राशि की में से कटौती की जायेगी।
5. प्रस्तुत विपत्रों में से नियमानुसार टैक्स आदि के कटौती के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा।

08/09/2026

प्रबंध निदेशक
बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम,
पटना।